<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 19.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- मानसून सीजन में भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज, राज्य के नौ जिलों तक सिमटे नक्सली, केवल 100 की संख्या में बचे माओवादी।
- केन्द्र सरकार ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून अधिवेशन से पहले कल बुलाई सर्वदलीय बैठक, सदन के सुगम संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से मांगेगी सहयोग।
- देवघर के बाबा धाम में आज डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने की उम्मीद, यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे का एर्नाकुलम–पटना के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला।
- राज्य में कमजोर पड़ा मानसून, 22 जुलाई तक कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना, 23 और 24 जुलाई को राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में फिर भारी बारिश के संकेत।
- रांची में खेली जा रही 64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले जारी, दोपहर दो बजे के बाद होगा समापन।

*******************

अगले वर्ष मार्च तक नक्सलवाद के खात्मे के लिए राज्य में अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इस बार मानसून सीजन में भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रखने का फैसला किया है। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दावा किया है कि सुरक्षा बल अपने अभियान में सफल होंगे।

इधर, आइजी अभियान और पुलिस प्रवक्ता डा. माइकल राज एस. ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया है कि पूरे राज्य में केवल 100 की संख्या में माओवादी बचे हैं। उनकी संख्या लगातार सिमट रही है।

*******************

केन्द्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून अधिवेशन से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों में सुगम कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मॉनसून अधिवेशन 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित कराए जाने की उम्मीद है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन–धान्य कृषि योजना के जरिये एक बार फिर देश के किसानों को बड़ी सौगात दी है। हजारीबाग के किसान से इससे बेहद खुश हैं।

*******************

उधर, साहिबगंज के किसान भी पीएम धन्य धान योजना को लेकर काफी उत्साहित दिख रहे हैं। किसानों के द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के फैसलों का स्वागत किया जा रहा है और इस योजना से मिलने वाले लाभों के बारे में आपस में चर्चा करते हुए भी दिख रहे हैं। किसान राजेश कुमार यादव कहते हैं कि इस योजना का लाभ उठाकर किसान अपने कृषि पैदावार बढ़ा सकेंगे।

*******************

गिरिडीह के पूर्व विधायक ओमीलाल आजाद का कल निधन हो गया। वे लगभग 90 वर्ष के थे। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और जमशेदपुर के एक अस्पताल में भर्ती थे। ओमीलाल आजाद पिछले कई सालों से अपनी बेटी के यहां जमशेदपुर के आदित्यपुर में रह रहे थे। बता दें कि ओमीलाल आजाद सीपीआई से 1985 से 1990 तक गिरिडीह के विधायक रहे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

बोकारो में भ्रूण की जांच करने वाले एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को प्रशासन ने सील कर दिया है। डीडीसी शताब्दी मजूमदार के निर्देश पर डॉक्टर अरविंद कुमार और चास अंचलाधिकारी दिवाकर दुबे ने आईटीआई मोड स्थित शिव अस्पताल पर छापा मारा। डॉ अरविंद कुमार ने मीडिया को बताया कि अस्पताल में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर अवैध तरीके से संचालित हो रहा था।

*******************

दक्षिण पूर्व रेलवे खड़गपुर डिवीजन के सरडीहा झाड़ग्राम सेक्शन में रेल ट्रेक पार कर रहे तीन हाथी ट्रेन की चपेट आ गए। इससे हाथियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक हाथी में एक व्यस्क व दो बच्चे शामिल हैं। घटनास्थल से मृतक हाथियों के शव को हटाया जा चुका है।

*******************

सावन के पवित्र माह में देवघर के बाबा धाम में देश– विदेश से कांवरियों के आने का सिलसिला जारी है। आज सुबह साढ़े चार बजे मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोले जाने के साथ शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आज करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने की संभावना व्यक्त की है।

*******************

देवघर में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। भारतीय रेलवे एर्नाकुलम से पटना के बीच विशेष ट्रेन चलायेगी। यह ट्रेन दोनों ओर से सप्ताह में एक बार चलेगी। इस दौरान रास्ते में जसीडीह, मधुपुर, जामताड़ा, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर आदि स्टेशनों पर ट्रेन रूकेगी। यह जानकारी आसनसोल मंडल की ओर से दी गयी है। इसका परिचालन 25 जुलाई से 15 अगस्त तक होगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को आज उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मंगल पांडे को देश का महान योद्धा बताते हुए उनकी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंगल पांडे ने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी थी और उनके साहस और वीरता की कहानी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मंगल पांडे को नमन किया है।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार 2 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 18 हजार रूपये है।

*******************

राज्य में मानसून कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग ने 22 जुलाई तक कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है। हालांकि 23 और 24 जुलाई को मानसून के एक बार फिर सक्रिय होने की संभावना है। इस दौरान राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में भारी बारिश के संकेत हैं।

*******************

राज्य में लगातार हो रही बारिश के थम जाने से अब किसान खेतों को तैयार करने में जुट गये हैं। जिन किसानों ने धान के बिचड़े तैयार कर रखे थे, उन्होंने रोपा भी शुरु कर दिया है। पिछले तीन चार दिनों में रोपा में अच्छी प्रगति हुई है। अब तक निर्धारित लक्ष्य के करीब 13 प्रतिशत खेतों में धान लगाया जा चुका है। हालांकि कोल्हान और पलामू प्रमंडल में रोपा की स्थिति सबसे खराब है।

*******************

रांची में आयोजित 64वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों का के फाइनल मुकाबले आज खेले जा रहे हैं। दोपहर दो बजे खेलगांव में प्रतियोगिता का समापन होगा।

*******************